दिन– शनिवार                                        दिनांक– 21 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।                                        अवधिः– 15 मिनट

---

01. ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज विश्वभर में योगाभ्यास के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम में किया योगाभ्यास। अपने संबोधन में कहा– विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव के बीच योग शांति का मार्ग दिखाता है।

03. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। चार सौ रूपये की जगह अब ग्यारह सौ रूपयें दिया जायेगा पेंशन।

04. मढ़ौरा के लोकोमोटिव फैक्ट्री में बने इंजन को पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी भेजे जाने के साथ ही बिहार रेल इंजन निर्यात करने वाला देश का पहला राज्य बना।

05. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज विश्वभर में योगाभ्यास के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में योगाभ्यास का नेतृत्व किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्व के विभिन्न भागों में तनाव, अशांति और अस्थिरता की स्थिति है, ऐसे में योग शांति का मार्ग दिखाता है। प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से योग दिवस को मानवता के लिए योग टू प्वाइंट ओ की शुरूआत के रूप में मनाने का विशेष आह्वान किया, जहां आंतरिक शांति, वैश्विक नीति बने। उन्होंने कहा कि योग अब व्यक्तिगत अभ्यास न रह कर वैश्विक भागीदारी के माध्यम के रूप में उभरा है।

———बाइट———

योग से हमें शांति की दिशा मिलती है। मैं विश्व समुदाय से आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक आग्रह करूंगा। लेट दिस योगा डे मार्क द बिगनिंग ऑफ योगा फॉर ह्यूमानिटी टू प्वाइंट ओ, वेन इनर पीस बिगेन ग्लोबल पॉलिसी।

आधुनिक शोध के माध्यम से योग के विज्ञान को वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के भारत के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख चिकित्सा संस्थान योग अनुसंधान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, जिसका उद्देश्य समकालीन चिकित्सा पद्धतियों में इसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता स्थापित करना है।

———बाइट———

योग की वैज्ञानिकता को आधुनिक चिकित्सा पद्धति में स्थान मिले, ये हमारा प्रयास है। हम देश के मेडिकल और रिसर्च इंस्टीट्यूशन्स में, योगा के क्षेत्र में एविडेंस बेस्ड थेरेपी को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस दिशा में दिल्ली के एम्स की रिसर्च में सामने आया है कि योग की कॉर्डियक और न्यूरोलॉजी डिस्ऑर्डर्स के उपचार और वूमन हेल्थ और मेंटल वेल–बींग में अहम भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का विषय–एक पृथ्वी एक स्वास्थ के लिए योग स्मरण कराता है कि किस प्रकार वर्तमान और भावी पीढ़ियों का सुखद भविष्य सुनिश्चित करने के लिए पूरा विश्व एकजुट है। विशाखापत्तनम में मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में दो लाख 72 हजार लोगों ने भागीदारी की।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि वैश्विक समुदाय अब योग के प्रति अधिक सम्मान रखता है और महाद्वीपों के लोग इससे लाभ उठा रहे हैं। वे आज देहरादून में पुलिस लाइन में आयोजित योग शिविर को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति ने वैश्विक मंच पर योग को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया।

———बाइट———

योग पूरी मानवता की साझा धरोहर बन चुका है। यह भारत की सॉफ्ट पॉवर का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उदाहरण है। भारत की पहल पर योग के प्रति विश्व समुदाय का सम्मान बढ़ा है और दुनियाभर के लोग इससे लाभान्वित हो रहे हैं।

---

प्रदेश में योग दिवस पर कई कार्यक्रम और योग सत्रों का आयोजन किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां के नेतृत्व में राजभवन परिसर में कर्मियों और अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर विश्व योग दिवस को यादगार बनाया। विधानसभा

अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने पटना सिटी में आयोजित शिविर में भाग लिया। इधर, आयुष मंत्रालय की ओर से राजधानी पटना के कंकड़बाग स्थित, पाटलिपुत्र खेल परिसर में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यहां उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत कई गणमान्य लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। प्रदेश के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में भी योगाभ्यास सत्र–योग संगम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों और छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

मुंगेर स्थित बिहार योग विद्यालय में इस अवसर पर योगाभ्यास के विशेष सत्र आयोजित किये गये। हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि विभिन्न जिला मुख्यालयों के साथ–साथ पंचायतों और स्थानीय निकायों में भी योग शिविर का आयोजन किया गया है। मधुबनी जिले में सशस्त्र सीमा बल जयनगर और भारत–नेपाल सीमा पर स्थित समस्त चौकियों पर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं, अररिया, जहानाबाद, कैमूर, बांका, भागलपुर, खगड़िया, नवादा, रोहतास, मधेपुरा, गया, लखीसराय, किशनगंज, पूर्णियां समेत सभी जिलों में योग सत्र का आयोजन किया गया।

---

योग दिवस पर बड़ी संख्या में लोगों ने सुबह–सुबह प्रणायाम और योग के अन्य आसनों का अभ्यास किया। लोगों ने योग में अपना विश्वास जताते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग अपनाना आवश्यक है। लोगों ने योग जागरूकता के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना भी की।

———बाइट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा को धमकी देने के मामले में पुलिस ने सीवान जिले के दरौली से एक आरोपी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अंतर्राष्ट्रीय गैंग्स्टर लॉरेन्स विश्नोई के नाम पर धमकी दे रहा था। श्री

कुशवाहा ने पिछले दिनों इस बारे में प्राथमिकी दर्ज कराई थी और पुलिस को फोन नंबर भी उपलब्ध कराया था।

---

राज्य सरकार ने वृद्धजनों, दिव्यांगजनों और विधवाओं के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की है। वर्तमान चार सौ रूपये की जगह अब पेंशन राशि के तौर पर ग्यारह सौ रूपयें दिया जायेगा। बढ़ी हुई राशि का भुगतान इस महीने की ग्यारह तारीख से प्रभावी माना जायेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। श्री कुमार ने कहा कि वृद्धजनों को सम्मान देना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है।

---

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि बढ़ाये जाने के फैसले को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से सरकार की संवदेनशीलता का पता चलता है।

———बाइट———

जदयू सांसद और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने विशेष वर्ग के लोगों की पेंशन राशि बढ़ाए जाने के फैसले का स्वागत किया है। श्री ठाकुर ने समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धन्यवाद किया है।

———बाइट———

इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने आरजेडी की घोषणा का नकल किया है।

———बाइट———

---

बिहार रेल लोकोमोटिव इंजन निर्यात करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मढ़ौरा के लोकोमोटिव फैक्ट्री में बने इंजन को पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी रवाना किया गया। उच्च शक्ति के इस डीजल इंजन को एक महीने के भीतर तैयार किया गया। समझौते के मुताबिक ऐसे एक सौ चालीस इंजन भेजे जायेंगे। मढ़ौरा इंजन फैक्ट्री के कमर्शियल हेड अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चार स्ट्रोक वाला यह इंजन बायो डीजल समेत कई प्रकार के ईंधन से चलाया जा सकता है।

–––बाइट–––

---

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर मानसून की सक्रियता से अच्छी बारिश हो रही है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार गया, औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास, किशनगंज, अररिया, पूर्णियां समेत कई जिलों में तेज बारिश दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानूमान में कहा है कि आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया, भागलपुर, बांका और कटिहार जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के बीच सारण, वैशाली, पटना, भोजपुर, जहानाबाद, गया, नवादा, लखीसराय और मुंगेर जिलों में एक–दो स्थानों पर मेघगर्जन, वज्रपात और आंधी–पानी का अलर्ट जारी किया है।

–––बाइट–––

---

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में योग सत्र में भाग लिया। इस सत्र में अतिरिक्त सचिव प्रभात, पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक धीरेंद्र ओझा और संयुक्त सचिव सेंथिल राजन भी शामिल हुए।इस अवसर पर श्री संजय जाजू ने कहा कि योग आध्यात्मिक अनुभव लाता है और यह मानव शरीर को आत्मा से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि योग सोच को दिशा देने और

आंतरिक स्पष्टता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में विभिन्न आसन, श्वास तकनीक और ध्यान अभ्यासों का प्रदर्शन शामिल था। जो कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और मन की शांति को बढ़ावा देता है।

---

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स स्टार्ट–अप चौलेंज शुरू किया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इसका उद्देश्य भारत के रूफटॉप सौर और वितरित ऊर्जा पारिस्थितिकी तंत्र में तेजी लाना है।

–––बाइट–––

स्टार्ट–अप चौलेंज नवप्रवर्तकों और स्टार्टअप्स से आवेदन आमंत्रित करता है, जो चार प्रमुख श्रेणियों – सामर्थ्य, लचीलापन, समावेशिता और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करता है। आवेदन स्टार्टअप इंडिया की वेबसाइट के माध्यम से जमा किए जा सकते हैं, इसकी अंतिम तिथि 20 अगस्त है। चयनित प्रवर्तक 2 करोड 30 लाख रुपये के कुल पुरस्कार पूल के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार के लिए 1 करोड़ रुपये, दूसरे पुरस्कार के लिए 50 लाख, तीसरे पुरस्कार के लिए 30 लाख और 5 लाख रुपये के 10 सांत्वना पुरस्कार शामिल हैं। विजेताओं को इनक्यूबेशन सहायता, पायलट कार्यान्वयन के अवसर और डोमेन विशेषज्ञों और निवेशकों से मार्गदर्शन भी मिलेगा। अमन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रशांत कुमार।

---

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में क्रिकेट सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। आज मैच का दूसरा दिन है। भारत ने कल के स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर तीन सौ साठ रन से आगे खेलते हुए ताजा समाचार मिलने तक अपनी पहली पाली में चार सौ इकहत्तर रन बनाये हैं।

---

रोहतास पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेदा और बनरसिया में छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने वाली अवैध फैक्ट्री का उदभेदन किया है। एसपी रौशन कुमार ने बताया कि इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

शेखपूरा पुलिस ने हथियावां थाना क्षेत्र के औंधे गांव से दुष्कर्म के मामले में बीस वर्षों से फरार अपराधी धर्मेन्द्र मांझी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने जिले के महुली थाना क्षेत्र से शराब पार्टी कर रहे सोहदी के टोला सेवक समेत पांच लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

---

01. ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज विश्वभर में योगाभ्यास के कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशाखापत्तनम में किया योगाभ्यास। अपने संबोधन में कहा– विश्व के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव के बीच योग शांति का मार्ग दिखाता है।

03. राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। चार सौ रूपये की जगह अब ग्यारह सौ रूपयें दिया जायेगा पेंशन।

04. मढ़ौरा के लोकोमोटिव फैक्ट्री में बने इंजन को पश्चिमी अफ्रीकी देश गिनी भेजे जाने के साथ ही बिहार रेल इंजन निर्यात करने वाला देश का पहला राज्य बना।

05. और, दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर भागों में झमाझम बारिश। मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

समाप्त